**---प्रेस नोट---**

**सराहनीय कार्य, जनपद झाँसी**

**दिनांक- 09.06.2025**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **पुलिस मुठभेड़ में 01 घायल बदमाश सहित 3 गिरफ्तार,**
- **कब्जे से 03 अदद अवैध असलहा 315 बोर, 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, व 36,250 रुपये, घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौंधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 09.06.2025 को थाना नवाबाद क्षेत्रान्तर्गत थाना नवाबाद पुलिस व स्वाट पुलिस टीम की संयुक्त चेकिंग के दौरान करगुवां भगवन्तपुर के कच्चे रास्ते पर मो0 बरिया की पहाडिया पर हुई पुलिस मुठभेंड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें एक बदमाश विपिन पुत्र स्व0 अशोक उम्र 36 वर्ष निवासी कंजड कॉलोनी, नया पटेल नगर, थाना-कोतवाली उरई, जिला- जालौन के दाहिने पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को हिरासत में लेकर जीवन रक्षा की दृष्टिगत उसे उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया, तथा अभियुक्त कमल पुत्र बब्लू उम्र-22 बर्ष व अभियुक्त दीपक पुत्र स्व संतराम उम्र 32 वर्ष निवासीगण कंजड कॉलोनी,नया पटेल नगर, थाना-कोतवाली उरई जालौन को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस मुठभेड़ तथा गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नवाबाद में सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 08.06.2025 को ई-रिकसा से गोविंद चौराहा से टायर लेने जा रहे एक व्यक्ति श्री अरविन्द राजपूत पुत्र राजाराम राजपूत निवासी गुमनावार थाना नवाबाद जनपद झाँसी की जेब काटकर 40 हजार रुपये व अन्य कागजात निकाल कर फरार हो गये थे, जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबाद में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्तगण-

1.विपिन पुत्र स्व अशोक उम्र - 36 वर्ष निवासी कंजड कॉलोनी, नया पटेल नगर, थाना-कोतवाली उरई, जिला- जालौन (घायल)

2. कमल पुत्र बब्लू उम्र-22 बर्ष निवासी कंजड कॉलोनी, नया पटेल नगर, थाना-कोतवाली उरई,जिला- जालौन

3. दीपक पुत्र स्व संतराम उम्र 32 वर्ष निवासी कंजड कॉलोनी,नया पटेल नगर, थाना-कोतवाली उरई ,जालौन

बरामदगी- 03 अदद अवैध असलहा 315 बोर, 03 अदद खोखा 315 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, व 36,250 रुपये, घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल बरामद

पुलिस टीम- थाना नवाबाद व स्वाट पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही।